पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल द्वारा पूर्व कुलसचिव के विरूद्ध जाँच समिति गठित की गयी
दो माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें समिति - राज्यपाल

लखनऊः 5 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, श्री राम नाईक ने विश्वविद्यालय के निलम्बित कुलसचिव यू0एस0 तोमर, के विरुद्ध अन्तिम जाँच संस्थित करते हुए तीन-सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया है। जाँच समिति अपनी जाँच रिपोर्ट दो माह में कुलाधिपति को प्रस्तुत करेगी।

पूर्व कुलसचिव यू0एस0 तोमर के विरूद्ध गठित जाँच समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री एस0के0 त्रिपाठी (अवकाश प्राप्त) न्यायाधीश उच्च न्यायालय, इलाहाबाद तथा समिति के सदस्य प्रो0 गुरदीप सिंह बाहरी, कुलपति डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं श्री सर्वेश चन्द्र मिश्रा, सेवानिवृत्त आई0ए0एस0 होंगे।